an>

Title: Need to acquire land for military exercise in Jodhpur, Rajasthan.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान दो पीढ़ियां जो गुजर गयीं और दो पीढ़ियां जो आने वाली हैं के दर्द के प्रति आकृष्ट करना चाहता हूं, इसलिए आपका संरक्षण चाहता हूं। मैं 25 हजार लोगों और एक लाख गायों के दर्द के प्रति आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। जिस धरती ने हम सभी का सिर गौरव के साथ ऊंचा किया है उस पोखरण की फील्ड फायरिंग रैंज के प्रति आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। उस पोखरण की धरती में जहां साढ़े सात सौ स्कवायर मील एरिया में एशिया की सबसे बड़ी युद्धाभ्यास की रैंज बनी हुई है। वह रैंज जब वर्ष 1966 में बनाई गयी थी तब 20 गांव उजाड़े गये थे और सभापति महोदय, उन 20 गांवों को उजाड़ने के बाद में विस्थापन का दर्द उन दो पीढ़ियों ने सहा है और जब वे दो पीढ़ियां अपने को नयी जगह पर व्यवस्थित कर पाई हैं तब एक बार फिर विस्थापित होने का खतरा उनके सिर पर मंडरा रहा है। सभापति महोदय, शाहगढ़ बल्ज में, जैसलमेर में भूमि अब उपलब्ध है, वहां सर्वे भी हो चुका है लेकिन राजनैतिक दवाब के कारण से सिंचित भूमि को और ऐसे लोगों को जिन्होंने एक बार पहले से विस्थापन का दर्द झेला है पुनः विस्थापित करने का षडयंत्र किया जा रहा है। हम लोग ऐसे लोग हैं जिनमें बहुत धैर्य है। हम लोगों ने ऑपरेशन विजय के समय में लगातार हमारे खेतों को रौंदा गया लेकिन हमने उफ तक नहीं की। लेकिन अगर अब हमें राजनैतिक षडयंत्र के तहत उजाड़ा गया तो हमारा धैर्य जवाब दे जाएगा।

HON. CHAIRPERSON :

Shri Arjun Ram Meghwal may be allowed to associate with the matter raised by Shri Gajendra Singh Shekhawat.